SINDHU
www.sindhuchaupal.com
CHAUPAL
हर खबर आप तक

शनिवार 24 फरवरी 2024 | जयप्रकाश बूलचंदानी 9649457589 | website: www.sindhuchaupal.com

# सनातन धर्म ध्वजा आरोहण के साथ हुआ चेटीचंड कार्यक्रम का शुभारंभ





जयपुर 25 फरवरी 2024, सिंधी समाज के आस्था के केंद्र श्री अमरापुरा स्थान जयपुर में चेटीचंड कार्यक्रमों के तहत पूज्य संत मंडली के सानिध्य में धर्म ध्वजा फहराई गई । श्री अमरापुर स्थान जयपुर के व्यवस्थापक संत श्री मोनू राम जी महाराज , स्वामी मनोहर लाल जी महाराज और संत मंडली द्वारा धर्म ध्वजा की विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान श्री झूलेलाल एवं सतगुरु महाराज के समक्ष प्रार्थना की गई । संतों ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है । इसीलिए हमें सारे काम मिलजुल कर करने चाहिए। मिलजुल कार्य करने से समाज में एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत होता है और समाज सदैव आगे बढ़ता है । स्वामी मनोहर लाल जी महाराज द्वारा गुरु महाराज के समक्ष पल्लव प्रार्थना कर अध्यक्ष अशोक सेवानी ,कोषाध्यक्ष प्रेम कुंदनानी सहित अन्य सभी को सेवा कार्य के लिए आशीर्वाद दिया गया। हमारे शास्त्रों में सनातन परम्परा के अंतर्गत ध्वजा को संस्कृति का अंग , विजयी होने और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है ।ध्वजा में उगते हुए सूर्य देव की रश्मियां समाहित होती हैं जो निराशा को दूर कर व्यक्ति के जीवन में निर्भयता का संचार करती हैं । ध्वजा के तीन कोण शरीर ,मन और आत्मा को दर्शाते हैं ।

कार्यक्रम में संयोजक महेश हरदासानी ,हितेश आडवाणी,हरीश असरानी, बी. डी. टेकवानी ,मोहन नानकानी,तुलसी संगतानी ,जय प्रकाश बूलचंदानी, गोबिंद रामनानी ,जवाहर बालानी ,मनोज ठाकवानी ,हेमंत ठारवानी ,नरेश लालवानी, जुमड़ो मल,राकेश कृपलानी ,मनोज भंभानी सहित सैंकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे











